**SET-1**

**Series WXY7Z**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **64/7/1**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23 + 2** मानचित्र हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।
- Please check that this question paper contains **23** printed pages + **2** Maps.
- Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **30** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# भूगोल (सैद्धान्तिक)

## GEOGRAPHY (Theory)

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* | *अधिकतम अंक : **70***

*Time allowed : **3** hours* | *Maximum Marks : **70***

**सामान्य निर्देश :**

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।*

*(ii)* *प्रश्न-पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित है – **खण्ड क, ख, ग, घ** एवं **ङ**।*

*(iii)* ***खण्ड क** – प्रश्न संख्या **1** से **17** तक बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है ।*

*(iv)* ***खण्ड ख** – प्रश्न संख्या **18** एवं **19** स्रोत-आधारित प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है।*

*(v)* ***खण्ड ग** – प्रश्न संख्या **20** से **23** तक लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है। इन प्रश्नों के उत्तर 80 से 100 शब्दों में लिखा जाना चाहिए।*

*(vi)* ***खण्ड घ** – प्रश्न संख्या **24** से **28** तक दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **5** अंकों का है। इन प्रश्नों के उत्तर 120 से 150 शब्दों में लिखा जाना चाहिए।*

*(vii)* ***खण्ड ङ** – प्रश्न संख्या **29** एवं **30** मानचित्र-आधारित प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **5** अंकों का है ।*

*(viii)* *इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए चित्र तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है। इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें।*

*(ix)* *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है । यद्यपि, खण्ड क के अतिरिक्त सभी खण्डों के कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का चयन दिया गया है।*

## खण्ड क

*प्रश्न संख्या **1** से **17** बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं।* *17×1=17*

**1.** भारत में द्रविड़ भाषा की शाखाएँ निम्नलिखित में से कौन-सी हैं ? सही विकल्प का चयन कीजिए।

I. मध्य द्रविड़

II. पूर्व द्रविड़

III. दक्षिण द्रविड़

IV. उत्तर द्रविड़

विकल्प :

(A) केवल I, II और III

(B) केवल II, III और IV

(C) केवल I, III और IV

(D) केवल I, II और IV

***General Instructions :***

*Read the following instructions carefully and follow them :*

*(i)* *This question paper contains* ***30*** *questions.* ***All*** *questions are* ***compulsory****.*

*(ii)* *Question paper is divided into* ***five*** *sections –* ***Sections A, B, C, D*** *and* ***E****.*

*(iii)* ***Section A*** *– Questions no.* ***1*** *to* ***17*** *are Multiple Choice Type Questions. Each question carries* ***1*** *mark.*

*(iv)* ***Section B*** *– Questions no.* ***18*** *and* ***19*** *are Source-based Questions. Each question carries* ***3*** *marks.*

*(v)* ***Section C*** *– Questions no.* ***20*** *to* ***23*** *are Short Answer Type Questions. Each question carries* ***3*** *marks. Answer to these questions shall be written in 80 to 100 words.*

*(vi)* ***Section D*** *– Questions no.* ***24*** *to* ***28*** *are Long Answer Type Questions. Each question carries* ***5*** *marks. Answer to these questions shall be written in 120 to 150 words.*

*(vii)* ***Section E*** *– Questions no.* ***29*** *and* ***30*** *are Map-based Questions. Each question carries* ***5*** *marks.*

*(viii)* *In addition to this, NOTE that a separate question has been provided for Visually Impaired candidates in lieu of questions having visual inputs, map etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired candidates only.*

*(ix)* *There is no overall choice given in the question paper. However, an internal choice has been provided in a few questions in all sections other than Section A.*

## SECTION A

*Questions no.* ***1*** *to* ***17*** *are Multiple Choice Type Questions.* *17× 1=17*

**1.** Which of the following are branches of Dravidian language in India ? Choose the correct option.

I. Central Dravidian

II. East Dravidian

III. South Dravidian

IV. North Dravidian

Options :

(A) Only I, II and III

(B) Only II, III and IV

(C) Only I, III and IV

(D) Only I, II and IV

**2.** नीचे दो कथन दिए गए हैं। ये अभिकथन (A) और कारण (R) हैं। दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

*अभिकथन (A) :* खनिजों की गुणवत्ता और मात्रा के बीच प्रतिलोमी संबंध पाया जाता है।

*कारण (R) :* अच्छी गुणवत्ता वाले खनिज, कम गुणवत्ता वाले खनिजों की तुलना में कम मात्रा में पाए जाते हैं।

विकल्प :

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(C) (A) सही है, लेकिन (R) ग़लत है।

(D) (A) ग़लत है, लेकिन (R) सही है।

**3.** निम्नलिखित में से किसके द्वारा चंडीगढ़ – मनाली के बीच सड़क का निर्माण किया गया ?

(A) सीमा सड़क संगठन

(B) भारतीय राष्ट्रीय महामार्ग प्राधिकरण

(C) केंद्रीय लोक निर्माण विभाग

(D) राज्य लोक निर्माण विभाग

**4.** उस क्षेत्र की पहचान कीजिए जहाँ 'इंदिरा गाँधी नहर कमान क्षेत्र' में लिफ्ट सिंचाई की व्यवस्था है ?

(A) प्रमुख नहर के दायीं ओर के पूरे क्षेत्र पर

(B) प्रमुख नहर के बायीं ओर के पूरे क्षेत्र पर

(C) बीकानेर जिला के दक्षिण के पूरे क्षेत्र पर

(D) जैसलमेर जिला के उत्तर के पूरे क्षेत्र पर

**2.** Two statements are given below. They are Assertion (A) and Reason (R). Read both the statements carefully and choose the correct option.

*Assertion (A) :* There is an inverse relationship between quality and quantity of minerals.

*Reason (R) :* Good quality minerals are less in quantity as compared to low quality minerals.

Options :

(A) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(C) (A) is correct, but (R) is incorrect.

(D) (A) is incorrect, but (R) is correct.

**3.** The road between Chandigarh – Manali was constructed by which of the following ?

(A) Border Roads Organisation

(B) National Highways Authority of India

(C) Central Public Works Department

(D) State Public Works Department

**4.** Identify the area where lift irrigation is available in the 'Indira Gandhi Canal Command Area' ?

(A) Entire area to the right side of main canal

(B) Entire area to the left side of main canal

(C) Entire area south of Bikaner district

(D) Entire area north of Jaisalmer district

**5.** नीचे दो कथन दिए गए हैं। ये अभिकथन (A) और कारण (R) हैं। दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

*अभिकथन (A) :* भारत में जनसंख्या के वितरण का प्रतिरूप अत्यंत असमान है।

*कारण (R) :* जनसंख्या का वितरण भौतिक, सामाजिक-आर्थिक तथा ऐतिहासिक कारकों के साथ अत्यधिक संबंधित है।

विकल्प :

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(C) (A) सही है, लेकिन (R) ग़लत है।

(D) (A) ग़लत है, लेकिन (R) सही है।

**6.** भारत के महानगरों में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए निम्नलिखित में से व्यवहार्य उपाय की पहचान कीजिए। सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(A) रिंग रेलवे के साथ सार्वजनिक परिवहन

(B) मेट्रो रेल के साथ कारपूलिंग

(C) सी.एन.जी. बसों के साथ मेट्रो रेल

(D) सी.एन.जी. बसों के साथ रिंग रेलवे

**7.** मानव विकास के निम्नलिखित उपागमों में से किसमें सभी प्रकार की विकासात्मक गतिविधियों का केन्द्र मानव होता है ? सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(A) आय उपागम (B) कल्याण उपागम

(C) आधारभूत आवश्यकता उपागम (D) क्षमता उपागम

**8.** ऑस्ट्रेलिया के डाउंस में प्रमुख रूप से की जाने वाली कृषि के प्रकार की पहचान कीजिए।

(A) मिश्रित कृषि

(B) रोपण कृषि

(C) सहकारी कृषि

(D) विस्तृत वाणिज्य अनाज कृषि

**9.** कच्चे माल को तैयार वस्तु के रूप में परिवर्तित करने के कार्य से संबंधित क्षेत्रक की पहचान कीजिए।

(A) प्राथमिक (B) द्वितीयक

(C) तृतीयक (D) चतुर्थक

**5.** Two statements are given below. They are Assertion (A) and Reason (R). Read both the statements carefully and choose the correct option.

*Assertion (A) :* India has highly uneven pattern of population distribution.

*Reason (R) :* Population distribution is highly associated with physical, socio-economic and historical factors.

Options :

(A) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(C) (A) is correct, but (R) is incorrect.

(D) (A) is incorrect, but (R) is correct.

**6.** Identify the practical measure from the following to control air pollution in the metropolitan cities in India. Choose the most appropriate option.

(A) Public Transport with Ring Railway

(B) Carpooling with Metro Rail

(C) Metro Rail with CNG Buses

(D) Ring Railway with CNG Buses

**7.** In which one of the following approaches of human development are human beings the targets of all developmental activities ? Choose the most appropriate option.

(A) Income Approach (B) Welfare Approach

(C) Basic Needs Approach (D) Capability Approach

**8.** Identify the type of agriculture predominantly practised in the Australian Downs.

(A) Mixed Farming

(B) Plantation Agriculture

(C) Co-operative Farming

(D) Extensive Commercial Grain Cultivation

**9.** Identify the sector concerned with the work of converting raw materials into finished products.

(A) Primary (B) Secondary

(C) Tertiary (D) Quaternary

**10.** स्वचालित बिक्री मशीनें और इंटरनेट निम्नलिखित में से किस प्रकार के व्यापार के उदाहरण हैं ?

(A) ग्रामीण विपणन केन्द्र
(B) थोक व्यापार
(C) नगरीय विपणन केन्द्र
(D) फुटकर व्यापार

**11.** वृद्धि और विकास के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

(A) दोनों वृद्धि और विकास हमेशा धनात्मक होते हैं।
(B) वृद्धि धनात्मक या ऋणात्मक हो सकती है, परंतु विकास हमेशा धनात्मक होता है।
(C) विकास धनात्मक या ऋणात्मक हो सकता है, परंतु वृद्धि हमेशा धनात्मक होती है।
(D) दोनों वृद्धि और विकास धनात्मक या ऋणात्मक हो सकते हैं।

**12.** निम्नलिखित में से कौन-सा 'स्वर्ण कॉलर' पेशेवर का उदाहरण है ?

(A) नीति निर्धारक
(B) बैंक क्लर्क
(C) शिक्षक
(D) बीमा प्रदाता

**13.** कॉलम-I का कॉलम-II से मिलान कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

| | *कॉलम-I (मानव विकास के स्तंभ)* | | *कॉलम-II (विशेषताएँ)* |
|---|---|---|---|
| a. | समता | i. | सभी व्यक्तियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ प्रदान करना |
| b. | सतत पोषणीयता | ii. | सुशासन और लोकोन्मुखी नीतियाँ |
| c. | उत्पादकता | iii. | प्रत्येक पीढ़ी को अपनी भावी पीढ़ियों के लिए विकल्पों और अवसरों की उपलब्धता को सुनिश्चित करना |
| d. | सशक्तिकरण | iv. | सभी को अवसरों की समानता |

विकल्प :

(A) a – iv, b – iii, c – ii, d – i
(B) a – iv, b – iii, c – i, d – ii
(C) a – iii, b – iv, c – i, d – ii
(D) a – iii, b – iv, c – ii, d – i

**10.** Automatic vending machines and the internet are examples of which of the following types of trade ?

(A) Rural Marketing Centres (B) Wholesale Trading

(C) Urban Marketing Centres (D) Retail Trading

**11.** Which one of the following is correct about growth and development ?

(A) Both growth and development are always positive.

(B) Growth may be positive or negative, but development is always positive.

(C) Development may be positive or negative, but growth is always positive.

(D) Both growth and development may be positive or negative.

**12.** Which one of the following is an example of 'Gold Collar' professional ?

(A) Policy Formulator (B) Bank Clerk

(C) Teacher (D) Insurance Provider

**13.** Match Column I with Column II and choose the correct option.

| | *Column-I (Pillars of Human Development)* | | *Column-II (Characteristics)* |
|---|---|---|---|
| a. | Equity | i. | Providing better health facilities to everyone |
| b. | Sustainability | ii. | Good governance and people-oriented policies |
| c. | Productivity | iii. | Each generation must ensure the availability of choices and opportunities to its future generations |
| d. | Empowerment | iv. | Equal access of opportunities for everyone |

Options :

(A) a – iv, b – iii, c – ii, d – i

(B) a – iv, b – iii, c – i, d – ii

(C) a – iii, b – iv, c – i, d – ii

(D) a – iii, b – iv, c – ii, d – i

**14.** तृतीयक क्रियाकलापों की निम्नलिखित विशेषताओं को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

I. तृतीयक क्रियाकलापों में सभी प्रकार की सेवाएँ सम्मिलित होती हैं।

II. व्यापार, परिवहन और संचार तृतीयक क्रियाकलापों के भाग हैं।

III. तृतीयक क्रियाकलापों में कच्चे माल को तैयार माल में परिवर्तित किया जाता है।

IV. शिक्षक, वकील और व्यापारी तृतीयक क्रियाकलाप के कुछ उदाहरण हैं।

विकल्प :

(A) केवल I, II और III सही हैं।

(B) केवल I, III और IV सही हैं।

(C) केवल I, II और IV सही हैं।

(D) केवल II, III और IV सही हैं।

*अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्न संख्या **15** से **17** के उत्तर दीजिए।*

**मुक्त व्यापार की स्थिति**

व्यापार हेतु अर्थव्यवस्थाओं को खोलने का कार्य मुक्त व्यापार अथवा व्यापार उदारीकरण के रूप में जाना जाता है। यह कार्य व्यापारिक अवरोधों जैसे सीमा शुल्क को घटाकर किया जाता है। घरेलू उत्पादों एवं सेवाओं से प्रतिस्पर्धा करने के लिए व्यापार उदारीकरण सभी स्थानों से वस्तुओं और सेवाओं के लिए अनुमति प्रदान करता है।

भूमंडलीकरण और मुक्त व्यापार विकासशील देशों की अर्थव्यवस्थाओं को उन पर प्रतिकूल थोपते हुए तथा उन्हें विकास के समान अवसर न देकर बुरी तरह से प्रभावित कर सकते हैं। परिवहन एवं संचार तंत्र के विकास के साथ ही वस्तुएँ एवं सेवाएँ पहले की अपेक्षा तीव्रगति से एवं दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुँच सकती हैं। किंतु मुक्त व्यापार को केवल संपन्न देशों के द्वारा ही बाज़ारों की ओर नहीं ले जाना चाहिए, बल्कि विकसित देशों को चाहिए कि वे अपने स्वयं के बाज़ारों को विदेशी उत्पादों से संरक्षित रखें।

देशों को भी डंप की गई वस्तुओं से सतर्क रहने की आवश्यकता है, क्योंकि मुक्त व्यापार के साथ इस प्रकार की सस्ते मूल्य की डंप की गई वस्तुएँ घरेलू उत्पादकों को नुकसान पहुँचा सकती हैं।

**15.** निम्नलिखित में से किसे 'मुक्त व्यापार' के रूप में जाना जाता है ?

(A) व्यापार उदारीकरण

(B) व्यापार प्रतिबंध

(C) व्यापार मूल्य

(D) व्यापार की मात्रा

**14.** Read the following characteristics of tertiary activities carefully and choose the correct option.

I. Tertiary activities include all types of services.

II. Trade, transport and communication are parts of tertiary activities.

III. Raw material is transformed into finished goods under tertiary activities.

IV. Teachers, lawyers and traders are some of the examples of tertiary activities.

Options :

(A) Only I, II and III are correct.

(B) Only I, III and IV are correct.

(C) Only I, II and IV are correct.

(D) Only II, III and IV are correct.

*Read the passage carefully and answer the questions no.* ***15*** *to* ***17****.*

**Case for Free Trade**

The act of opening up economies for trading is known as free trade or trade liberalisation. This is done by bringing down trade barriers like tariffs. Trade liberalisation allows goods and services from everywhere to compete with domestic products and services.

Globalisation along with free trade can adversely affect the economies of developing countries by not giving equal playing field by imposing conditions which are unfavourable. With the development of transport and communication systems, goods and services can travel faster and farther than ever before. But free trade should not only let rich countries enter the markets, but allow the developed countries to keep their own markets protected from foreign products.

Countries also need to be cautious about dumped goods; as along with free trade *dumped goods* of cheaper prices can harm the domestic producers.

**15.** Which one of the following is called 'free trade' ?

(A) Trade liberalisation

(B) Trade restriction

(C) Trade value

(D) Trade quantity

16. 'मुक्त व्यापार' का सबसे अधिक प्रतिकूल प्रभाव निम्नलिखित में से किस पर पड़ता है ?

(A) विकसित देश

(B) विकासशील देश

(C) दोनों अल्प-विकसित तथा विकसित देश

(D) दोनों विकसित तथा विकासशील देश

17. व्यापार पर परिवहन और संचार के विकास का निम्नलिखित में से कौन-सा प्रभाव है ?

(A) वस्तुओं और सेवाओं का तीव्र आवागमन

(B) वस्तुओं और सेवाओं का दूर तक आवागमन

(C) वस्तुओं और सेवाओं का तीव्र तथा दूर तक आवागमन

(D) मात्र क्षेत्र विशेष में बेहतर कनेक्टिविटी

## खण्ड ख

*प्रश्न संख्या **18** एवं **19** स्रोत-आधारित प्रश्न हैं।* *2×3=6*

18. दिए गए अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

**"बेटी बचाओ – बेटी पढ़ाओ" सामाजिक अभियान के द्वारा जेंडर के प्रति संवेदनशीलता को बढ़ावा**

समाज का विभाजन पुरुष, महिला और ट्रांसजेंडर में प्राकृतिक और जैविक रूप से माना जाता है। लेकिन, वास्तव में समाज सबके लिए अलग-अलग भूमिका निर्धारित करता है और ये भूमिकाएँ फिर से सामाजिक संस्थाओं द्वारा सुदृढ़ कर दी जाती हैं। जिसके फलस्वरूप, ये जैविक विभिन्नताएँ सामाजिक भेदभाव, अलगाव तथा बहिष्कार का आधार बन जाती हैं। आधी से ज़्यादा जनसंख्या का बहिष्करण किसी भी विकासशील और सभ्य समाज के लिए एक गंभीर समस्या है। यह एक वैश्विक चुनौती है, जिसको संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) ने संज्ञान में लिया है। यू.एन.डी.पी. के अनुसार ''यदि विकास में सभी जेंडर सम्मिलित नहीं हैं, तो ऐसा विकास लुप्तप्राय है'' (HDR UNDP 1995)। सामान्य जन में किसी भी प्रकार का भेदभाव और विशेष रूप से जेंडर के आधार पर भेदभाव, मानवता के प्रति एक अपराध है।

इसलिए सभी के लिए शिक्षा, रोज़गार, राजनीतिक प्रतिनिधित्व में समान अवसर, समान कार्य के लिए समान वेतन, स्वाभिमान के साथ जीवन जीने का अवसर सभी को मिले, इसके लिए विशेष प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। जो समाज इन सभी भेदभाव तथा बुराइयों को दूर करने के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाता है, वह एक सभ्य समाज नहीं कहा जा सकता। भारत सरकार ने इन सभी को संज्ञान में लेते हुए तथा भेदभाव से होने वाले दुष्प्रभावों को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय स्तर पर ''बेटी बचाओ – बेटी पढ़ाओ'' सामाजिक अभियान चलाया है।

**16.** The most adverse effect of 'free trade' is observed with which one of the following ?

(A) Developed countries

(B) Developing countries

(C) Both under-developed and developed countries

(D) Both developed and developing countries

**17.** Which one of the following is the impact of the development of transport and communication on trade ?

(A) Goods and services travel faster

(B) Goods and services move farther

(C) Goods and services travel faster and move farther

(D) Better connectivity only in a region concerned

## SECTION B

*Questions no.* ***18*** *and* ***19*** *are Source-based Questions.* *2×3=6*

**18.** Read the given passage carefully and answer the questions that follow :

**Promoting Gender Sensitivity through**
**'Beti Bachao – Beti Padhao' Social Campaign**

The division of the society into male, female and transgender is believed to be natural and biological. But, in reality, there are social constructs and roles assigned to individuals which are reinforced by social institutions. Consequently, these biological differences become the basis of social differentiations, discriminations and exclusions. The exclusion of over half of the population becomes a serious handicap to any developing and civilised society. It is a global challenge, which has been acknowledged by the UNDP when it mentioned that, "If development is not engendered it is endangered" (HDR UNDP 1995). Discrimination, in general, and gender discrimination, in particular, is a crime against humanity.


All efforts need to be made to address the denial of opportunities of education, employment, political representation, low wages for similar types of work, disregard to their entitlement to live a dignified life, etc. A society, which fails to acknowledge and take effective measures to remove such discriminations, cannot be treated as a civilised one. The Government of India has duly acknowleged the adverse impacts of these discriminations and launched a nationwide campaign called 'Beti Bachao – Beti Padhao'.

(18.1) समाज पर लैंगिक भेदभाव के किसी एक दुष्प्रभाव का वर्णन कीजिए। *1*

(18.2) "यदि विकास में सभी जेंडर सम्मिलित नहीं हैं, तो ऐसा विकास लुप्तप्राय है।" इस कथन की व्याख्या कीजिए । *1*

(18.3) 'बेटी बचाओ – बेटी पढ़ाओ' अभियान के प्रमुख उद्देश्यों की व्याख्या कीजिए। *1*

**19.** दिए गए चित्र का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।




(19.1) चित्र में दी गई खनन की विधियों का उल्लेख कीजिए। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

(19.2) चित्र में दिए गए खनन की दो विधियों के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए। *1*

(19.3) कौन-सी खनन विधि जीवन के लिए अधिक खतरनाक है ? *1*

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **19** के स्थान पर हैं।*

(19.1) खनन शब्द को परिभाषित कीजिए। *1*

(19.2) विकसित देश अपने देश में खनन करने से क्यों बच रहे हैं ? *1*


(19.3) खनन की दो विधियों का उल्लेख कीजिए। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

(18.1) Describe any one ill-effect of gender discrimination on a society. *1*

(18.2) "If development is not engendered it is endangered." Explain the statement. *1*

(18.3) Explain the main objective of 'Beti Bachao – Beti Padhao' campaign. *1*

**19.** Study the given figure carefully and answer the questions that follow :




(19.1) Mention the methods of mining given in the picture. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

(19.2) Differentiate between the two methods of mining given in the picture. *1*

(19.3) Which mining method is more life threatening ? *1*

***Note :*** *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only in lieu of Question No.* ***19****.*

(19.1) Define the term mining. *1*

(19.2) Why are developed countries avoiding mining in their own countries ? *1*

(19.3) Mention two methods of mining. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

## खण्ड ग

*प्रश्न संख्या **20** से **23** लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं।* *4×3=12*

**20.** (क) विश्व में आधुनिक विनिर्माण उद्योगों के असमान वितरण के प्रमुख कारणों को स्पष्ट कीजिए। *3*

**अथवा**

(ख) उत्पाद के आधार पर उद्योगों को वर्गीकृत कीजिए एवं उनकी विशेषताओं की व्याख्या कीजिए। *1+2=3*

**21.** "सतत पोषण हेतु मनुष्य प्राकृतिक संसाधनों पर प्रत्यक्ष रूप से निर्भर हैं।" उदाहरणों सहित इस कथन की व्याख्या कीजिए। *3*

**22.** निम्नलिखित तालिका का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

***भारत – नगरीकरण की प्रवृत्तियाँ***

| वर्ष | नगरों/नगरीय संकुलों की संख्या | नगरीय जनसंख्या (हज़ारों में) | कुल जनसंख्या का % | दशकीय वृद्धि (%) |
|---|---|---|---|---|
| 1931 | 2,072 | 33,456·0 | 11·99 | 19·12 |
| 1941 | 2,250 | 44,153·3 | 13·86 | 31·97 |
| 1951 | 2,843 | 62,443·7 | 17·29 | 41·42 |
| 1961 | 2,365 | 78,936·6 | 17·97 | 26·41 |
| 1971 | 2,590 | 1,09,114 | 19·91 | 38·23 |
| 1981 | 3,378 | 1,59,463 | 23·34 | 46·14 |
| 1991 | 4,689 | 2,17,611 | 25·71 | 36·47 |
| 2001 | 5,161 | 2,85,355 | 27·78 | 31·13 |

(22.1) 1951 की तुलना में, 1991 में कुल जनसंख्या के प्रतिशत में कितना अंतर है ? *1*

(22.2) दी गई तालिका में नगरीय जनसंख्या की प्रवृत्ति का वर्णन कीजिए। *1*

(22.3) 1961 से 2001 तक नगरों/नगरीय संकुलों की संख्या में वृद्धि की प्रवृत्ति के कारण को स्पष्ट कीजिए। *1*

**23.** जल की गुणवत्ता को परिभाषित कीजिए। भारत में धरातलीय जल की गुणवत्ता में गिरावट के कारणों की व्याख्या कीजिए। *1+2=3*

## SECTION C

*Questions no.* ***20*** *to* ***23*** *are Short Answer Type Questions.* *4×3=12*

**20.** (a) Explain the main reasons for uneven distribution of modern manufacturing industries in the world. *3*

**OR**

(b) Classify the industries based on product and explain their characteristics. *1+2=3*

**21.** "Humans are directly dependent on natural resources to sustain them." Explain the statement with examples. *3*

**22.** Study the following table carefully and answer the questions that follow.

***India – Trends of Urbanisation***

| Year | Number of Towns/UAs | Urban Population (in Thousands) | % of Total Population | Decennial Growth (%) |
|---|---|---|---|---|
| 1931 | 2,072 | 33,456·0 | 11·99 | 19·12 |
| 1941 | 2,250 | 44,153·3 | 13·86 | 31·97 |
| 1951 | 2,843 | 62,443·7 | 17·29 | 41·42 |
| 1961 | 2,365 | 78,936·6 | 17·97 | 26·41 |
| 1971 | 2,590 | 1,09,114 | 19·91 | 38·23 |
| 1981 | 3,378 | 1,59,463 | 23·34 | 46·14 |
| 1991 | 4,689 | 2,17,611 | 25·71 | 36·47 |
| 2001 | 5,161 | 2,85,355 | 27·78 | 31·13 |

(22.1) With reference to 1951, how much change has taken place in the percentage of total population in 1991 ? *1*

(22.2) Describe the trend of urban population in the given table. *1*

(22.3) Explain the reason of increasing trend of number of towns/UAs from 1961 to 2001. *1*

**23.** Define water quality. Explain the reasons of deteriorating surface water quality in India. *1+2=3*

## खण्ड घ

*प्रश्न संख्या **24** से **28** दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं।* *5×5=25*

**24.** (क) "भारत में नगरीय केन्द्र सामाजिक-आर्थिक, राजनीतिक-सांस्कृतिक एवं विकास के अन्य संकेतकों में किसी अन्य क्षेत्र की अपेक्षा कहीं अधिक विविधतापूर्ण हैं।" उदाहरणों के साथ इस कथन का मूल्यांकन कीजिए। *5*

**अथवा**

(ख) "मानव-जनित प्रक्रियाओं के कारण भू-निम्नीकरण प्राकृतिक प्रक्रियाओं की तुलना में अधिक चिंता का विषय है।" उदाहरणों सहित इस कथन का मूल्यांकन कीजिए। *5*

**25.** भारत के आयात की संरचना के बदलते प्रतिमानों की व्याख्या कीजिए। *5*

**26.** (क) नमी के स्रोत के आधार पर भारतीय कृषि पद्धति को वर्गीकृत कीजिए और उनका वर्णन कीजिए। *5*

**अथवा**

(ख) 'साझा संपदा संसाधन' को परिभाषित कीजिए। 'साझा संपदा संसाधन' किस प्रकार भूमिहीन और सीमांत किसानों को आजीविका प्रदान करते हैं ? व्याख्या कीजिए। *1+4=5*

**27.** (क) विश्व में जनसंख्या वितरण को प्रभावित करने वाले कारकों की व्याख्या कीजिए। *5*

**अथवा**

(ख) 'प्रवास' को परिभाषित कीजिए। जनसंख्या प्रवास के अपकर्ष एवं प्रतिकर्ष कारकों में अंतर स्पष्ट कीजिए। *1+4=5*

**28.** (क) 'पार-कैनेडियन रेलमार्ग' की विशेषताओं की व्याख्या कीजिए। *5*

**अथवा**

(ख) 'पार-साइबेरियन रेलमार्ग' की विशेषताओं की व्याख्या कीजिए। *5*

## SECTION D

*Questions no.* ***24*** *to* ***28*** *are Long Answer Type Questions.* *5×5=25*

**24.** (a) "Urban centres in India are more differentiated in terms of the socio-economic, politico-cultural and other indicators of development." Evaluate the statement with examples. *5*

**OR**

(b) "The land degradation due to man-made processes has greater concern than natural processes." Evaluate the statement with examples. *5*

**25.** Explain the changing patterns of the composition of India's import. *5*

**26.** (a) Classify Indian farming practices on the basis of source of moisture and describe them. *5*

**OR**

(b) Define 'Common Property Resources'. How do 'Common Property Resources' help in providing livelihood to the landless and marginal farmers ? Explain. *1+4=5*

**27.** (a) Explain the factors affecting the population distribution in the world. *5*

**OR**

(b) Define 'migration'. Differentiate between pull and push factors of population migration. *1+4=5*

**28.** (a) Explain the characteristics of 'Trans-Canadian Railway'. *5*

**OR**

(b) Explain the characteristics of 'Trans-Siberian Railway'. *5*

## खण्ड ङ

*प्रश्न संख्या **29** एवं **30** मानचित्र-आधारित प्रश्न हैं।* *2×5=10*

**29.** दिए गए विश्व के राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 25 पर) में, सात भौगोलिक लक्षणों को A, B, C, D, E, F और G के रूप में अंकित किया गया है। निम्नलिखित जानकारी की सहायता से किन्हीं **पाँच** की पहचान कीजिए और उनके सही नाम उनके समीप खींची गई रेखाओं पर लिखिए : *5×1=5*

A. एक प्रमुख समुद्री पत्तन

B. एक प्रमुख वायु पत्तन

C. पार-साइबेरियन रेलमार्ग के अंतिम सिरे का एक स्टेशन

D. एक आंतरिक जलमार्ग

E. वाणिज्य पशुधन पालन का एक क्षेत्र

F. चलवासी पशुचारण का एक क्षेत्र

G. दक्षिण अमेरिका का एक प्रमुख समुद्री पत्तन

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **29** के स्थान पर हैं।*
*निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :* *5×1=5*

(29.1) इंग्लैंड के एक प्रमुख समुद्री पत्तन का नाम लिखिए।

(29.2) दक्षिण अफ्रीका के उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ एक अंतर्राष्ट्रीय वायु पत्तन स्थित है।

(29.3) पार-साइबेरियन रेलमार्ग के सबसे पूर्वी अंतिम सिरे के स्टेशन का नाम लिखिए।

(29.4) उत्तरी अमेरिका के प्रमुख आंतरिक जलमार्ग का नाम लिखिए।

(29.5) ऑस्ट्रेलिया के विस्तृत वाणिज्यिक अनाज कृषि क्षेत्र का नाम लिखिए।

(29.6) यूरोप और एशिया के उत्तरी भाग में चलवासी पशुचारण क्षेत्र का नाम लिखिए।

(29.7) ब्राज़ील के उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ एक अंतर्राष्ट्रीय वायु पत्तन स्थित है।

## SECTION E

*Questions no. **29** and **30** are Map-based Questions.* *2×5=10*

**29.** On the given political outline map of the world (on page 25), seven geographical features have been marked as A, B, C, D, E, F and G. Identify any ***five*** with the help of the following information and write their correct names on the lines drawn near them : *5×1=5*

A. A major sea port

B. A major airport

C. A terminal station of Trans-Siberian Railway

D. An inland waterway

E. An area of commercial livestock rearing

F. An area of nomadic herding

G. A major sea port of South America

***Note :*** *The following questions are for **Visually Impaired Candidates** only in lieu of Question No. **29**.*

*Answer any **five** questions out of the following :* *5×1=5*

(29.1) Name a major sea port of England.

(29.2) Name a place in South Africa where an international airport is located.

(29.3) Write the name of the easternmost terminal station of Trans-Siberian Railway.

(29.4) Name the major inland waterway of North America.

(29.5) Name an area of extensive commercial grain farming in Australia.

(29.6) Write the name of an area of nomadic herding in northern parts of Europe and Asia.

(29.7) Write the name of a place in Brazil where an international airport is located.

**30.** दिए गए भारत के राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 27 पर) में, निम्नलिखित सात भौगोलिक लक्षणों में से किन्हीं ***पाँच*** को उपयुक्त चिह्नों द्वारा अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए : *5×1=5*

(30.1) सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाला राज्य

(30.2) चावल उत्पादन का एक अग्रणी राज्य

(30.3) तटीय महाराष्ट्र में स्थित महत्त्वपूर्ण लौह अयस्क खानें

(30.4) तमिलनाडु में स्थित महत्त्वपूर्ण कोयला खानें

(30.5) गुजरात में एक प्रमुख समुद्री पत्तन

(30.6) पंजाब में एक अंतर्राष्ट्रीय हवाई पत्तन

(30.7) उत्तर प्रदेश में एक तेलशोधन कारखाना

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **30** के स्थान पर हैं।*
*निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :* *5×1=5*

(30.1) सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाले राज्य का नाम लिखिए।

(30.2) चावल उत्पादन के अग्रणी राज्य का नाम लिखिए।

(30.3) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ तटीय महाराष्ट्र में महत्त्वपूर्ण लौह अयस्क खानें स्थित हैं।

(30.4) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ तमिलनाडु में महत्त्वपूर्ण कोयला खानें स्थित हैं।

(30.5) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ गुजरात में एक प्रमुख समुद्री पत्तन स्थित है।

(30.6) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ पंजाब में एक अंतर्राष्ट्रीय वायु पत्तन स्थित है।

(30.7) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ उत्तर प्रदेश में एक तेलशोधन कारखाना स्थित है।

**30.** On the given political outline map of India (on page 27), locate and label any ***five*** of the following seven geographical features with appropriate symbols : *5×1=5*

(30.1) The state with the highest population density

(30.2) The leading rice producing state

(30.3) Important iron ore mines located in coastal Maharashtra

(30.4) Important coal mines located in Tamil Nadu

(30.5) A major sea port in Gujarat

(30.6) An international airport in Punjab

(30.7) An oil refinery in Uttar Pradesh

***Note :*** *The following questions are for **Visually Impaired Candidates** only in lieu of Question No. **30**.*

*Answer any **five** questions out of the following :* *5×1=5*

(30.1) Name the state with the highest population density.

(30.2) Name the leading rice producing state.

(30.3) Name the place where important iron ore mines are located in coastal Maharashtra.

(30.4) Name the place where important coal mines are located in Tamil Nadu.

(30.5) Name the place where a major sea port is located in Gujarat.

(30.6) Name the place where an international airport is located in Punjab.


(30.7) Name the place where an oil refinery is situated in Uttar Pradesh.

प्रश्न संख्या 29 के लिए

**For question no. 29**

**WORLD-POLITICAL**

**विश्व – राजनीतिक**



प्रश्न संख्या 30 के लिए

For question no. 30

